




# खंडवा में सहकारिता घोटाला, सिस्टम बेनकाब

## पिपलानी के बाद नहाल्दा-रामेश्वर सोसायटी में 1.10 करोड़ का गबन

**नवभारत खुलासा**

**खंडवा।** खंडवा जिले का सहकारिता विभाग और बैंकिंग सिस्टम भ्रष्टाचार की दीमक से इस कदर खोखला हो चुका है कि इसकी साख अब पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ गई है। किल्लौद की पिपलानी समिति में 18 करोड़ रुपये के महाघोटाले की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि जिला मुख्यालय की नाक के नीचे 1.10 करोड़ रुपये के गबन का एक नया जिन्न बोतल से बाहर आ गया है। शहर से सटी नहल्दा और रामेश्वर सोसायटी में हुए इस फर्जीवाड़े ने प्रशासन की कार्यशैली और निगरानी तंत्र की पोल खोलकर रख दी है। पिपलानी कांड के बाद उम्मीद थी कि जिम्मेदार नींद से जागेंगे, लेकिन इस नए मामले ने साबित कर दिया है कि सिस्टम की कुंभकरणी नींद इतनी आसानी से नहीं टूटने वाली। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिस वक्त पूरा प्रशासनिक अमला पिपलानी गबन को लेकर 'हाई अलर्ट' का दावा कर रहा था, उसी दौरान 13 जून 2025 को गठित जांच दल की रिपोर्ट फाइलों में जानबूझकर दबा दी गई। जांच में यह स्पष्ट हो चुका था कि तत्कालीन समिति प्रबंधक चंपालाल मीणा ने नहल्दा और रामेश्वर सोसायटी में पदस्थापना के दौरान फर्जी ऋण वितरण और त्रुटिपूर्ण लेखांकन के जरिए संस्था को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई है। दस्तावेजों के मुताबिक, रामेश्वर समिति में 1 करोड़ 20 हजार 121 रुपये और नहल्दा समिति में 9 लाख 82 हजार 988 रुपये की आर्थिक अनियमितता पाई गई। कुल मिलाकर 1 करोड़ 10 लाख 3 हजार 110 रुपये का यह घोटाला जून माह में ही पकड़ में आ गया था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर फाइलें छह महीने तक एक टेबल से दूसरी टेबल पर रेंगती रहीं।




आखिरकार 24 दिसंबर 2025 को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने आदेश क्रमांक 3120 जारी कर आरोपी चंपालाल मीणा को निलंबित तो कर दिया, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि गबन प्रमाणित होने के बावजूद अब तक एफआईआर क्यों नहीं कराई गई? यह देरी न केवल संदेह को जन्म देती है बल्कि यह इशारा भी करती है कि कहीं न कहीं दोषियों को सबूत मिटाने या कानूनी पेंच लड़ाने का समय दिया जा रहा है। मामले में जिम्मेदारों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। बैंक के सीईओ आलोक यादव का कहना है कि उनकी ओर से दस्तावेज शाखा को सौंप दिए गए हैं और अब तक एफआईआर हो जानी चाहिए थी, वहीं शाखा प्रबंधक संजय जैन यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि चूँकि मामला समितियों का है, इसलिए उनकी भूमिका सीमित है। अधिकारियों के बीच चल रही जिम्मेदारियों की इस 'फुटबॉल' में न्याय कहीं गुम हो गया है। 11 जून 2025 को पहली बार शिकायत सामने आई, 13 जून को जांच बैठी और दिसंबर के अंत में निलंबन हुआ। छह महीने तक रिपोर्ट दबाए रखना और अब जनवरी 2026 में भी एफआईआर में आनाकानी करना यह बताता है कि घोटालेबाजों के मन से कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। पिपलानी के किसान पहले ही अपनी गाढ़ी कमाई के लिए परेशान हैं और अब नहल्दा व रामेश्वर के इस कांड ने सहकारिता आंदोलन की बची-खुची विश्वसनीयता पर भी बट्टा लगा दिया है।

# सरपंच प्रतिनिधि पर दादागिरी के आरोप



## मुस्लिम समाज कलेक्ट्रेट पहुंचा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मोघट थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहाड़ा (सियाड़ा) में सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चौहान पर दादागिरी और रोजाना विवाद करने के आरोप लगाते हुए गांव के मुस्लिम समाज के लोग एकजुट होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। यहां शहर काजी एवं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में गांव स्थित दरगाह के पास लंगर के आयोजन के दौरान कुछ लोगों को पुलिस द्वारा थाने ले जाया गया था। इस कार्रवाई के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। मामले को लेकर नाराज मुस्लिम समाज के लोग पहले मोघट थाना क्षेत्र में पहुंचे, इसके बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय आकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चौहान द्वारा आए दिन विवाद की स्थिति बनाई जाती है, जिससे गांव में शांति भंग हो रही है। उन्होंने निष्पक्ष जांच, निर्दोष लोगों पर की गई कार्रवाई वापस लेने और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की।कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर कलेक्टर काशीराम बडोले को ज्ञापन सौंपते हुए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने उचित कार्रवाई की मांग की। अपर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## एक नज़र मे

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर अरिहंत पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन

**नया हरसूद ।** सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर अरिहंत पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला में सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम शाला संचालक संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन द्वारा सरस्वती पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को शिक्षक राम राठौड़ एवं नितिन शर्मा के मार्गदर्शन में प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार कराया गया। विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर शिक्षक कपिल यादव, रोहित भाटी, आकांक्षा ठाकुर, मुस्कान यादव ,अमिता खमेले सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराना एवं स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरित करना रहा।

### कर्मचारियों पर अभद्र टिप्पणी का मामला, ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

**मूदी.** मूदीनगर परिषद के कर्मचारी यो पर अभद्र टिप्पणी करने पर कर्मचारियों ने एक ज्ञापन नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर को कार्यालय में सौंपा नगर परिषद सीएमओ संजय जैन एवं सभी कर्मचारियों ने मूदी पुलिस थाने में एक ज्ञापन सोपा परिषद के कर्मचारियों पर कार्य को लेकर टिप्पणी करने वाले नर्मदा नगर पुनासा के भारत सिंह गोयल पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया सोशल मीडिया के माध्यम से कर्मचारियों को कामचोर कहकर अपमानित किए जाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया है परिषद के कर्मचारियों को अपमानित करने पर नियम अनुसार न्याय संगत वैधानिक कार्रवाई भारत सिंह गोयल पर करने की मांग की गई है परिषद कर्मचारी द्वारा शांतिपूर्वक विरोध स्वरूप कामबंद कर दिए जाएंगे तथा साथ ही कर्मचारियों द्वारा अवकाश पर चले जाएंगे नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर ने नगर परिषद के कर्मचारियों से अपील की काम नहीं बंद किया जाए और ना ही अवकाश पर जाएं 2 दिन में अगर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो आप स्वतंत्र हो कर्मचारीयोके साथ हम भी खड़े हैं सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौरने भी भारत सिंह गोयल द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करी परिषद कर्मचारी ने शांतिपूर्वक ज्ञापन दिया है

### खंडवा नगर निगम का जल सुनवाई अभियान 13 जनवरी से शुरू

**खण्डवा।** नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से卐जल सुनवाई卐 अभियान का शुभारंभ 13 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वार्ड स्तर पर जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को सुना जाएगा और मौके पर ही जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। अभियान के दौरान निगम की टीमें प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर नागरिकों की शिकायतें दर्ज करेंगी। इसके साथ ही 10 प्रशिक्षित महिलाओं की टीम 10 वॉटर टेस्टिंग किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता को 11 विभिन्न मापदंडों पर जांचेगी। जल में जीवाणु संक्रमण की पहचान के लिए श्व.ष्थ्द्यद्व आधारित ॥2स् किट का भी उपयोग किया जाएगा, जिससे दूषित जल की तुरंत पहचान संभव होगी।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर परशुराम इंस्टीट्यूट में विधिक साक्षरता शिविर

**खंडवा।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर श्री परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन से किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री पीयूष भावे ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और कानून की जानकारी दी। शिविर में मौलिक अधिकार, महिला-बाल संरक्षण, साइबर अपराध, नशा मुक्ति व नि:शुल्क कानूनी सहायता पर चर्चा हुई। डायरेक्टर श्रीमती अंजलि जैन ने युवाओं में जागरूकता व जिम्मेदारी विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मनोजकुमार वर्मा सहित प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर, सामूहिक सूर्य नमस्कार

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खण्डवा स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाते हुए जिलेभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय, खण्डवा परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह एवं पर्यटन व संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी विशेष रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेडे, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को नियमित योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अपनाने का आह्वान किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण का प्रसारण भी किया गया।तत्पश्चात अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार के तीन चक्र और प्राणायाम किया। जिला योग समिति के डॉ. दिलीप जैन, नारायण बाहेती तथा पतंजलि योग समिति के सुभाष शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल रहे। संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने किया।



# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में स्कूल बसों का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज. खंडवा ।**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के तहत पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा भंडारी पब्लिक स्कूल, खंडवा में स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय एवं यातायात निरीक्षक देवेंद्रसिंह परिहार के नेतृत्व में स्कूल की 30 बसों के परमिट, फिटनेस और सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार फर्स्ट्एड किट, अग्निशामक यंत्र, पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन दरवाजा, स्पीड गवर्नर, ब्रेक लाइट और साइड इंडिकेटर आदि की जांच की गई। कमियां पाए जाने पर 6 बसों पर कुल 3,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा चालकों को दुर्घटना से बचाव व आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही यातायात टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 68 चालान बनाकर 32,400 रुपये समन शुल्क वसूला। हेलमेट, सीट बेल्ट और ओवरस्पीड जैसे उल्लंघनों पर कार्रवाई कर चालकों को समझाइश भी दी गई।



# जिला तैराकी चयन प्रतियोगिता 15 तक प्रविष्टि

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत होने वाली जिला तैराकी प्रतियोगिता, खेल विभाग, तथा एंजेल प्लेनेट स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी जो तैराक इस चयन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान पर आएंगे वह खिलाड़ी 27 से 31 जनवरी तक इंदौर में संपन्न होने वाले राज्य तैराकी यूथ गेम्स में सम्मिलित होंगे,

यह जानकारी देते हुए जिला तैराकी संघ सचिव पंडित राकेश जोशी ने बताया की इस प्रतियोगिता हेतु 13 वर्ष से 17 वर्ष के बालक बालिका ही इसमें हिस्सा ले सकेंगे इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए भारतीय तैराकी संघ तथा खेलो एमपी खेलो की साइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है द्य यह प्रतियोगिता एंजेल प्लेनेट स्कूल के नए स्विमिंग पूल पर आयोजित की जाएगी आयोजन मैं जिला तैराकी संघ की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मालवीय तथा मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री रितेश गोयल, खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी श्री रूप सिंह कलेश मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवक कल्याण तथा जिला तैराकी संघ से संपर्क किया जा सकता है यह प्रतियोगिता एंजेल प्लेनेट स्कूल के विशेष सहयोग से स्कूल में ही आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि दिनांक 15 जनवरी शाम 5ः00 बजे तक दे सकते हैंद्य




# हिंदू समाज की एकता व समरसता पर जोर

## आज ओंकारेश्वर में होगा हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर.** हिंदू समाज को संगठित रहकर समरस एवं आदर्शवादी समाज के निर्माण के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है। समाज में व्याप्त कुप्रथाओं का बहिष्कार कर जातिवाद जैसी विभाजनकारी व्यवस्थाओं को समाप्त करना होगा, ताकि सभी जातियों के बीच परस्पर प्रेम, सौहार्द और सद्भावना स्थापित हो सके।

देश के प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक गांव में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध तथा भारत माता के प्रति सात्विक प्रेम का भाव जागृत करना समय की मांग है। वक्ताओं ने कहा कि मन में देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति निष्ठा का भाव विकसित करना होगा, जिसकी शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता को केंद्र में रखते हुए जाति व्यवस्था से जुड़ी किसी भी प्रकार की वैमनस्यता को समाप्त करने, भेदभाव से परे समाज का निर्माण करने तथा कुप्रथाओं का उन्मूलन कर भारत की प्राचीन कुटुम्ब व्यवस्था के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं के अनुसार, इन्हीं प्रयासों से आदर्श समाज की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

साथ ही प्रत्येक भारतीय में स्वदेश भाव जगाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। संतों के संदेशों का उल्लेख करते हुए प्रकृति और धरती माता के प्रति कृतज्ञता को समझाने की बात कही गई।

# सड़े भोजन और इल्लियों से भड़की छात्राएं, कलेक्ट्रेट पर धरना

## सीनियर जनजाति बालिका छात्रावास की वार्डन पर मारपीट व इलाज न कराने के गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** आदिवासी अंचल में शिक्षा और सुविधाओं के तमाम सरकारी दावों की पोल सोमवार को उस वक्त खुल गई, जब शहर के लालचौकी स्थित सीनियर जनजाति बालिका छात्रावास की छात्राओं का गुस्सा सड़क पर उतर आया। भोजन में सड़ी-गली सब्जियां और थालियों में रेंगती हुई तीन-तीन इंच लंबी इल्लियां मिलने से नाराज छात्राओं ने व्यवस्था के खिलाफ बगावत कर दी। यह मामला केवल खराब खाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छात्राओं ने छात्रावास की वार्डन पर अमानवीय व्यवहार, मारपीट और बीमार होने पर इलाज न करवाने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार शाम को छात्राओं का सब्र तब टूट गया जब दूषित भोजन खाने से कई लड़कियों की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टियां होने लगीं। घटनाक्रम के अनुसार, सोमवार को जब छात्राओं को खाना परोसा गया, तो पांच से अधिक छात्राओं की थालियों में बड़ी इल्लियां और कीड़े निकले। इसे देखकर जब छात्राओं ने आपत्ति जताई और तबीयत बिगड़ने की शिकायत की, तो हंगामा मच गया।



छात्राओं का आरोप है कि मामले को दबाने की नीयत से वार्डन रेखा प्रजापति दिखावे के लिए कुछ बीमार छात्राओं को अस्पताल तो ले गईं, लेकिन इलाज पूरा हुए बिना महज आधे घंटे के भीतर उन्हें जबरन डिस्चार्ज कराकर वापस हॉस्टल ले आईं। वार्डन के इस संवेदनहीन रवैये और अपनी सेहत के साथ हो रहे खिलवाड़ से आक्रोषित होकर सभी छात्राएं शाम करीब 5 बजे हॉस्टल से पैदल ही कलेक्ट्रेट के लिए निकल पड़ीं।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर छात्राओं ने मुख्य द्वार पर धरना दे दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वे सीधे जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता से मिलकर अपनी व्यथा सुनाना चाहती थीं। छात्राओं—मनीषा, मोनू, भारती, सलोनी, साक्षी और खुशबू—ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हॉस्टल में जो खाना दिया जा रहा है, वह जेल के कैदियों को मिलने वाले भोजन से भी बदतर है। पीने के लिए गंदा और बदबूदार पानी मिल रहा है, जिससे वे लगातार बीमार पड़ रही हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।

सबसे गंभीर बात यह है कि जब भी वे इन अव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाती हैं, तो वार्डन उनके साथ मारपीट करती हैं और उन्हें हॉस्टल से निकालने की धमकी दी जाती है।

करीब एक घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे और नारेबाजी के बाद अपर कलेक्टर (एडीएम) सृष्टि देशमुख मौके पर पहुंचीं। उन्होंने जमीन पर बैठकर छात्राओं की समस्याएं सुनीं।

छात्राओं ने उन्हें बताया कि वे नर्क जैसे हालात में रहने को मजबूर हैं। एडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हॉस्टल का निरीक्षण करने और भोजन की गुणवत्ता की जांच करवाने का आश्वासन दिया।